रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक- 23.12.2022

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल को वेस्ट बंगाल स्टेट डेटा सेंटर (WB-SDC) की क्षमता में वृद्धि करने के लिए पश्चिम बंगाल शासन से ऑर्डर मिला है।

यह कार्य आदेश 98.56 करोड़ रु. (जीएसटी सहित) का है।

स्टेट डेटा सेंटर के सेंट्रलाइज़ क्लाउड एन्वायरमेंट का उपयोग मल्टीपल ई-गवर्नेंस, सिटिजन सेंट्रिक एप्लीकेशंस के साथ ही साथ ऑपरेशंस की आसानी और एप्लीकेशन की जवाबदेही को बढ़ाने के लिए किया जाएगा।

रेलटेल ने कटिंग एज टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए अपने ग्राहकों के लिए डेटा सेंटर स्थापित करने तथा उनके प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता बढ़ाई है : श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल।

****

रेल मंत्रालय के अधीन केंद्र सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र के एक उपक्रम, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को वेस्ट बंगाल स्टेट डेटा सेंटर (WB-SDC) की क्षमता में वृद्धि करने के लिए प. बंगाल सरकार के एक उपक्रम वेबेल टेक्नोलॉजी लिमि. (WTL) से ऑर्डर मिला है। यह कार्य आदेश 98.56 करोड़ रु. (जीएसटी सहित) का है। यह आदेश खुली प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त किया गया है और इससे इस क्षेत्र में रेलटेल की ग्राहक संख्या के विस्तार की पुष्टि होती है।

वेबेल टेक्नोलॉजी लिमिटेड पश्चिम बंगाल सरकार का एक उपक्रम है, जो सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट, प. बंगाल सरकार के तत्वावधान में काम करता है और राज्य में समस्त ई-गवर्नेंस संबंधी गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए यह स्टेट नोडल एजेंसी एवं स्टेट इम्पलीमेंटेशन एजेंसी है। राज्य सरकार का एसडब्ल्यूएएन (SWAN) एवं स्टेट डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर वेबेल टेक्नोलॉजी लिमिटेड के नेतृत्व एवं प्रबंधन के अंतर्गत काम करता है।

वेस्ट बंगाल स्टेट डेटा सेंटर (WBSDC) प. बंगाल राज्य का एक महत्वपूर्ण आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर है, जो विभिन्न ई-गवर्नेंस संबंधी गतिविधियों को हॉस्ट करने तथा उनके प्रबंधन के लिए एक साझे, सुरक्षित और विश्वसनीय इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विसेस सेंटर के रूप में काम करता आ रहा है। इसकी विभिन्न सर्विसेस में, सेंट्रल डेटा

रेपोजिट्री, सिक्योर डेटा स्टोरेज, सर्विसेस की ऑनलाइन डिलीवरी, सिटिजन इन्फॉर्मेशन/ सर्विसेस पोर्टल, स्टेट इन्ट्रानेट पोर्टल, रिमोट मेनेजमेंट और सर्विस इन्टीग्रेशन, जैसी कुछ मुख्य गतिविधियां शामिल हैं।

प्राप्त कार्य आदेश में हाइपर कन्वर्ज्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर की सप्लाई, इंस्टालेशन, कमीशनिंग एवं इंटीग्रेशन के साथ-साथ आवश्यक एचसीआई कंपेटिबल नेटवर्क, लोड बैलेंसिंग, बैकअप सॉफ्टवेयर, सॉफ्टवेयर, नेटवर्क सिक्योरिटी, डीएलपी सॉफ्टवेयर, एप्लीकेशन परफॉर्मेंस मेनेजमेंट सॉफ्टवेयर एवं सेंट्रलाइज मॉनिटरिंग सॉफ्टवेयर शामिल हैं। कार्य के दायरे में डेटा सेंटर का नॉन-आईटी पार्ट भी शामिल है। प्रस्तावित स्टेट डेटा सेंटर का उपयोग ऑपरेशंस की आसानी और एप्लीकेशन की बढ़ी हुई जवाबदेही के साथ सेंट्रलाइज़ क्लाउड एन्वायरमेंट मल्टीपल ई-गवर्नेंस, सिटिजन सेंट्रिक एप्लीकेशंस को हॉस्ट करने के लिए किया जाएगा।

इस संबंध में बताते हुए श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल ने कहा, "रेलटेल ने कटिंग एज टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए अपने ग्राहकों के लिए डेटा सेंटर स्थापित करने तथा उनके प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता बढ़ाई है। प. बंगाल से इस प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट को हासिल करना घरेलू आईटी क्षेत्र में रेलटेल की महत्वपूर्ण स्थिति की पुष्टि करता है, जिसका आधार टेक्नॉलाजी में कंपनी की सशक्त विशेषज्ञता, प्रोसेस कर पाने की उत्कृष्टता और बेहतर क्रियान्वयन क्षमताएं हैं। इस प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने पर, प. बंगाल में ई-गवर्नेंस में और सुधार होगा। हम अपने तमाम साझेदारों को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रकार के कार्य आदेशों से, रेलटेल अन्य स्टेट डेटा सेंटर (SDC) प्रोजेक्ट प्राप्त करने के लिए भी बेहतर स्थिति में है।"

रेलटेल के बारे में :

रेल मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" रेलटेल देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एवं आईसीटी एवं सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक है, जिसका ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क पूरे भारतवर्ष में फैला है, जिसमें देश के अनेक नगर और शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। ऑप्टिक फाइबर के 61000+रूट किलोमीटर के एक विश्वसनीय नेटवर्क के साथ रेलटेल के MeitY empaneled tier III के दो डेटा सेंटर भी हैं। पूरे भारतवर्ष में अपने उच्च क्षमता वाले नेटवर्क के साथ, रेलटेल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक नॉलेज सोसाइटी के सृजन का कार्य किया जा रहा है और टेलीकॉम के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन आधारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी रेलटेल को चुना गया है। रेलटेल द्वारा अनेक सेवाएं जैसे एमपीएलएस, वीपीएन, टेलीप्रेजेन्स, लीज़्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सर्विसेस इत्यादि भी ऑफर की जाती हैं। रेलटेल द्वारा भारतीय रेल के साथ मिलकर पूरे देश में रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई-फाई की व्यवस्था करते हुए रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य भी किया जा रहा है और इस समय 6100+ स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए देखें :

sucharita@railtelindia.com